Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:19 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:33 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 130 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 11 नवम्बर 2025

धर्मेंद्र की हालत में सुधार, सनी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### यातायात पुलिस कर्मी का आकस्मिक निधन, महकमें में शोक की लहर

**रुद्रपुर।** यातायात पुलिस कर्मी विनोद डंडरियाल का रविवार की रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। जिससे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं परिवार में कोहराम मच गया। मूल रूप से कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल निवासी 40 वर्षीय स्व- विनोद डंडरियाल यहां शांति विहार कालोनी में परिवार सहित रहते थे। वह वर्ष 2006 में पुलिस सेवा में भर्ती हुए थे। पुलिस के मुताबिक रविवार की रात उनकी तबियत अचानक तेजी से बिगड़ गई। जिस पर उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हल्द्वानी रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्व- विनोद डंडरियाल का वर्ष 2024 में अल्मोड़ा जनपद तबादला हो गया था। उनके एक बेटा व एक बेटी हैं। उनके पिता गुणानंद डंडरियाल पीएसी से सेवानिवृत्त हुए हैं। विनोद डंडरियाल के आकस्मिक निधन से पुलिस महकमें में शोक की लहर दौड़ गई। विनोद डंडरियाल की जनपद ऊधमसिह नगर में भी तैनाती रही थी। उधर परिवार में कोहराम मच गया।

### दोपहिया वाहन ट्रक से टकराया, दो की मौत



**गोपेश्वर।** दोपहिया वाहन ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सवार चार लोगों में से दो की हादसे में मौत हो गई। गोपेश्वर नए बस अड्डे के पास घिनघरान की ओर जा रहा एक दोपहिया वाहन पिकअप से टकराने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। गोपेश्वर थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार दोपहिया वाहन में चार लोग सवार थे। जोकि गोपेश्वर से रामलीला देखकर लौट रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए।

## शरदोस्तव मेले का भव्य शुभारम्भ, लोक कलाकारों ने बांधा शमां

हल्द्वानी। हमारे संवाददाता

25वाँ शारदोत्सव मेला रजत जयंती 10 से 14 नवम्बर 2025 तक भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन हल्द्वानी नगर निगम के महापौर गजराज सिंह बिष्ट, राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, जिलाअध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में उत्तर भारत के प्रसिद्द फनकारों बॉलीवुड सिंगर सुनीता कपूर, कॉमेडियन कमल नयन, लोक गायक जगदीश उपाध्याय, और गिरीश खाती. एवं सूचना एवं लोक



संपर्क विभाग नैनीताल के सांस्कृतिक दल हिमालय कला केंद्र लाल कुआं शेर सिंह दानू नैनीताल चंद्रशेखर दानु ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।सांस्कृतिक संध्या के दौरान संस्था द्वारा आकर्षक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जूनियर वर्ग में एकल और समूह नृत्य प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभावान प्रस्तुति दी गई। निर्णायक मंडल में मुख्य रूप से प्रसिद्ध डांसर कोरियो ग्राफर नितिन कोहली हर्षिता कोहली एवं नितिन यादव भी इसमें सम्मिलित रहे? ।इस मेले में उत्तराखंड राज्य की सांस्कृतिक विरासत, विकास प्रदर्शनी तथा बॉलीवुड नाइट जैसे कई भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए, जिन्हें स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों और बड़ी संख्या में जनता की उपस्थिति ने यादगार बना दिया मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम के संस्थापक अध्यक्ष विक्की योगी ने सभी का स्वागत कर जनता से अपील की की प्रतिदिन कलाकार को मनोबल बढ़ाने श्री रामलीला मैदान हल्द्वानी में जरूर आए। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश पडलिया गिरीश बरगली लोक गायक पूनम चंद्र साक्षी बेलवाल मोहन बुग्याल गणेश पोखरिया कौस्तुभ चंदोला राजू शर्मा ब्लॉगर ज्योति अधिकारी आदि उपस्थित थे।

लाल किला मेट्रो स्टेशन बंद अन्य सभी स्टेशन सामान्य

## दिल्ली से चार लोगों को पुलिस ने उठाया, अब एनआईए करेगी जांच

नई दिल्ली। एजेंसी

दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास सोमवार शाम करीब 6:52 बजे एक आई-20 कार में हुए जोरदार विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। धमाके की तीव्रता इतनी थी कि आसपास की 6-10 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 24 से अधिक घायल हुए हैं।

राजधानी दिल्ली में हुए धमाके के बाद डीएमआरसी ने यात्रियों को यात्रा से संबंधित जानकारी दी है। सुरक्षा कारणों से लाल किला मेट्रो स्टेशन बंद है। अन्य सभी स्टेशन सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। उत्तरी दिल्ली के कोतवाली थाने में धमाके को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में यूएपीए में धारा 16 और 18, विस्फोटक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। अभी जांच लोकल पुलिस और स्पेशल सेल कर रही थी। लेकिन बताया जा रहा है कि जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए को दी जा रही है। पुलिस की जांच में जो लाल किले के सामने बम धमाका हुआ है, उसका सीधा लिंक फरीदाबाद से पकड़े गए आरोपी से है। धमाके मामले में पुलिस डॉक्टर मोहम्मद उमर की तलाश कर रही है। उसके साथ जो लोग थे, उनकी भी तलाक की जा रही है।



### फरीदाबाद में पुलिस का बड़ा सर्च ऑपरेशन, 800 पुलिसकर्मी तैनात

दिल्ली में हुए धमाके के बाद फरीदाबाद में आज सुबह से धौज थाना इलाके में पुलिस बड़े स्तर पर सर्च अभियान चला रही है। 800 पुलिसकर्मी अल फलाह यूनिवर्सिटी के आस-पास के इलाके में चेकिंग कर रहे हैं।

## उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की 33वीं विद्या परिषद बैठक सम्पन्न

हल्द्वानी। हमारे संवाददाता

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी की 33वीं विद्या परिषद की बैठक विश्वविद्यालय मुख्यालय में कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं संस्थागत गुणवत्ता को सुदृढ़ करने से संबंधित 24 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया, जिन्हें सर्वसम्मति से आगामी प्रस्तावित वित्त समिति और कार्यपरिषद की बैठक में रखने के लिए अनुमोदित किया गया।

बैठक में रखे गए कुछ प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं,दशम दीक्षांत समारोह के आयोजन की संस्तुति।राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (NCVET) द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम असिस्टेंट होटल स्टे मैनेजर (लेवल-5) की प्रशिक्षण पुस्तिका व दिशा-निर्देशों के प्रस्ताव पर अनुमोदन। शोध उपाधि अधिनियम-2023 के अंतर्गत शोध निदेशकों की मान्यता से संबंधित समिति की सिफारिशों पर संस्तुति। शोध संवर्द्धन परिषद की स्थापना का निर्णय।विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र पर आधारित शोध पत्रिका विदुषी के लिए नियमावली बनाने के प्रस्ताव पर संस्तुति।शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों हेतु फैलोशिप व छात्रवृत्ति योजनाएँ आरंभ करने पर विचार।विश्वविद्यालय के शिक्षकों हेतु लघु शोध परियोजना प्रारंभ करने के प्रस्ताव पर विचार।संचालन कुलसचिव एवं सदस्य सचिव, श्री खेमराज भट्ट द्वारा किया गया। बैठक में बाह्य सदस्य के रूप में प्रोफेसर पी. एस. बिष्ट, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग एवं परिसर निदेशक, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा। प्रोफेसर ब्रजेश कुमार पाण्डेय, उपकुलपति जे.एन.यू., डीन, संस्कृत एवं भारतीय अध्ययन विद्याशाखा, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली। ऑफलाइन शामिल हुए तथा डॉ. मनु प्रताप सिंह, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस विभाग, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा और डॉ. ए. सी. पुरोहित, प्रोफेसर एवं डीन, प्रबन्ध अध्ययन विद्याशाखा, दून विश्वविद्यालय बैठक में देहरादून ऑनलाइन रूप में शामिल हुए। इनके अलावा विश्वविद्यालय के सभी विद्याशाखा के निदेशक भी बैठक में शामिल हुए।



## सुखोई विमान की देहरादून एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग, बरेली से भरी थी उड़ान

देहरादून। हमारे संवाददाता

सुखोई विमान की देहरादून एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। उड़ान के दौरान विमान के एक इंजन से तेल का रिसाव शुरू हो गया था, जिसके बाद पायलट ने सूझबूझ से यह कदम उठाया।

देहरादून के जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर सोमवार को भारतीय वायुसेना के एक सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान को तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन लैंडिंग की। इस फाइटर जेट ने सुबह बरेली से उड़ान भरी थी। बताया जा रहा है कि उड़ान के दौरान विमान के एक इंजन से तेल का रिसाव शुरू हो गया था, जिसके बाद पायलट ने सूझबूझ से यह कदम उठाया। एयरपोर्ट पर उतरने के बाद इस विमान को टर्मिनल से कुछ दूर वीआईपी गेस्ट हाउस के सामने सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया गया है। बरेली से इंजीनियरों की टीम देहरादून एयरपोर्ट पहुंच गई है, जिसके बाद विमान की तकनीकी खामी दूर करने के लिए काम शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2018 में सुखोई विमानों ने दून एयरपोर्ट पर कुछ दिनों तक अभ्यास करते हुए उड़ान भरी थी। लेकिन यह पहला मौका है जब किसी तकनीकी खामी के कारण सुखोई विमान ने देहरादून एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की है।

## दिल्ली धमाके के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, इसकी तह तक जाएंगे, भूटान में बोले पीएम मोदी

थिम्फू। एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली विस्फोट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे एक साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि मैं कल रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी और षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।



भूटान के दो दिवसीय दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में हुई कार विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त किया और साथ ही ये भी कहा कि इस घटना के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विस्फोट की घटना को साजिश करार दिया। उन्होंने ये भी कहा कि वे बीती रात जांच एजेंसियों के संपर्क में रहे और धमाके से जुड़ी जानकारी लेते रहे। सोमवार शाम दिल्ली में बम धमाका हुआ और पीएम मोदी तय कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह भूटान पहुंचे। यहीं उन्होंने दिल्ली विस्फोट की घटना पर बयान दिया। पीएम मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि %आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं कल रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। सोमवार की शाम दिल्ली में लाल किले के नजदीक एक कार में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं। जांच एजेंसियां विस्फोट की जांच में जुटी हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल कर धमाका गया। इससे पहले फरीदाबाद से जांच एजेंसियों ने एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और करीब तीन क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया था। जांच एजेंसियों को शक है कि दिल्ली विस्फोट के तार भी फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं।

# आईजी कुमाऊं ने ली पर्यटन सीजन को लेकर समीक्षा बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



आगामी क्रिसमस (25 दिसंबर)तथा थर्टी फर्स्ट (31 दिसंबर) तथा नववर्ष (2026) के आगमन तथा शीतकालीन अवकाश के दौरान नैनीताल तथा नैनीताल जिले में बढ़ने वाली पर्यटक गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक (कुमायूँ परिक्षेत्र) रिद्धिम अग्रवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण यातायात समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया।

बैठक में आईजी श्रीमती अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ आगामी सीजन की यातायात चुनौतियों की समीक्षा करते हुए कहा कि नैनीताल आने वाले हर पर्यटक का अनुभव हमारी कार्यकुशलता और संवेदनशीलता पर निर्भर करता है इसलिए हर स्तर पर योजना समन्वय और क्रियान्वयन में पारदर्शिता व सतर्कता आवश्यक है। बैठक के दौरान आईजी ने निर्देशित किया कि नैनीताल नगर में पार्किंग की मौजूदा क्षमता का यथार्थ मूल्यांकन कर भीड़ वाले क्षेत्रों मल्लीताल व तल्लीताल तथा मॉल रोड और हाईकोर्ट क्षेत्र में वैकल्पिक पार्किंग स्थलों की पहचान की जाए। कहा कि नगर पालिका, पर्यटन विभाग और पुलिस के समन्वय से अस्थायी पार्किंग स्थल चिह्नित कर वहां उचित साइनेज व लाइटिंग और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए बाहरी वाहनों के लिए एंट्री प्वाइंट पर सूचना बोर्ड लगाए जाएँ ताकि शहर के भीतर अनावश्यक जाम न बने। कहा कि टैक्सी स्टैण्डों पर अनुशासित संचालन हेतु लाइनिंग सिस्टम व पार्किंग जोन और प्रतीक्षा व्यवस्था को पुनर्गठित किया जाए। बोली कि भीड़ के समय में प्रोटेशन सिस्टम लागू कर टैक्सियों को क्रमवार संचालन की अनुमति दी जाएए जिससे जाम की स्थिति नियंत्रित रहे। आईजी ने कहा कि दोपहिया टैक्सियों के लिए सत्यापन प्रक्रिया को कठोर बनाया जाए। कहा कि जल्द ही पुलिस थाना स्तर पर सिविल पुलिस और यातायात पुलिस द्वारा टैक्सी तथा मैकसी और अन्य सार्वजनिक वाहनों का संयुक्त सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने थाना प्रभारीगणों को निर्देशित किया गया कि वे नगर पालिका, घोड़ा स्वामी संघ तथा स्टैण्ड संचालकों और टैक्सी यूनियन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित करें।

उन्होंने सभी थाना प्रभारियों व यातायात निरीक्षक तथा यूनियन पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे टैक्सी स्टैण्ड व पार्किंग स्थलों एवं प्रमुख पर्यटक मार्गों का भौतिक निरीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।रिपोर्ट में भीड़भाड़ वाले बिंदु, वाहन प्रवाह दिशा, पार्किंग क्षमता व वैकल्पिक मार्गों और संभावित जोखिम क्षेत्रों का उल्लेख किया जाएगा। कहा कि अंतिम योजना तैयार होने के उपरांत त्योहारों से पूर्व तैयारी की जाये जिसमें वास्तविक परिस्थितियों में यातायात व्यवस्था संचालित की जाएगी।आईजी ने एसएसपी नैनीताल को निर्देशित किया कि ड्यूटी पर लगाए जाने वाले कर्मियों का चयन उनके अनुभव और क्षेत्रीय जानकारी के आधार पर किया जाए। बैठक के दौरान आईजी श्रीमती अग्रवाल ने एएनपीआर तथा कैमरा परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित सॉफ्टवेयर के विकास कार्य की जानकारी ली। बैठक में नैनीताल में की गई इन व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का आंकलन कर प्राप्त सकारात्मक परिणामों के दृष्टिगत इसी मॉडल को कैंची धाम यातायात व्यवस्था में भी लागू किया जाएगा। इससे न केवल श्रद्धालुओं के आवागमन में सुगमता आएगीए बल्कि भीड़ प्रबंधन एवं ट्रैफिक नियंत्रण भी अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डा. मंजूनाथ टीसी समेत अपर पुलिस अधीक्षक (संचार) रेवाधर मठपाल, क्षेत्राधिकारी लालकुआँ दीपशिखा अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी भवाली अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पांडे, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी नितिन लोहनी, निरीक्षक यातायात नैनीताल/रामनगर वेद प्रकाश भट्ट, निरीक्षक यातायात हल्द्वानी महेश चन्द्रा, निरीक्षक यातायात भवाली बी.एस. बिष्ट, थाना प्रभारी मल्लीताल व तल्लीताल सहित नैनीताल टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी शामिल हुए।



## भारत स्काउट और गाइड स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भीमताल में भारत स्काउट और गाइड स्थापना दिवस का आयोजन किया गया।

इस मौके पर स्काउटिंग और गाइडिंग आंदोलन की दृश्यता बढ़ाने के लिए इस अवसर पर स्टिकर बेचकर उनके माध्यम से विद्यार्थियों को अंशदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर डॉ अरविंद दीक्षित द्वारा स्काउट एवं गाइड आंदोलन के इतिहास पर व्याख्यान दिया गया तथा युवांश व छाया तथा अन्य स्काउट गाइड द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं खेल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। संपूर्ण कार्यक्रम स्काउट मास्टर डॉ अरविंद दीक्षित तथा श्रीमती रेनू पांडे की अध्यक्षता में संचालित किया गया और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## मालिकाना हक के लिए 86वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

आज 86 वें दिन में अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मालिकाना अधिकार को लेकर राजस्व गांव बनाए जाने के लिए और निर्माण कार्यों में लगी रोक हटाए जाने के लिए, सड़क निर्माण में आ रही बाधा को दूर करने के लिए, बिजली पानी के कनेक्शन दिए जाने सहित आठ मांगों को लेकर बदस्तूर जारी रहा ।

आज 86 वें दिन के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी, बागजाला की अध्यक्षा डा. उर्मिला रेंसवाल, हरक सिंह बिष्ट, नवीन चंद्र आर्य मूलनिवासी, लेखराज गौतम उत्तराखंड प्रवासी संगठन, सत्येंद्र कुमार अशोक प्रदेश प्रभारी, गोधन प्रधान, जीवन चंद्र आर्य, असलम, प्रेम सिंह नयाल, दानिश, भोला सिंह, तुलसी देवी, हेमा देवी, दिनेश चंद्र, आशा देवी, यश आर्य, दौलत सिंह, विमला देवी, सुनीता देवी, शोभा, मोहम्मद यासीन, दीवान सिंह बरगली, सुरेश चंद्र, डॉ. उर्मिला रेंसवाल, हेमा आर्य, सुनीता देवी, विमला पांडे, हेमा देवी, सुलेमान मलिक, नसीम अहमद, रामलाल सरपंच आदि मौजूद रहे ।




## NEWS / फटाफट

### राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण



**नैनीताल** । राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 483वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 483वें दिन दिनेश गुरुरानी द्वारा अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में पिथौरागढ़ के शहीद स्मारक स्थल परिसर में स्मृति पौध लगाया । गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान निरंतर जारी है पौधा रोपण अभियान एक नजीर बन गया है और जनमानस इस अभियान से जुड़ रहा है।

### भारत स्काउट गाइड नगर संस्था की नई कार्यकारिणी गठित

**नैनीताल।** भारत स्काउट गाइड नगर संस्था नैनीताल की सोमवार को नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नगर अध्यक्ष सीआरएसटी के प्रधानाचार्य मनोज पांडे और सचिव राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारण विद्यालय के कुंदन सिंह सुयाल को बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बीएस मेहता को, ट्रेनिंग काउंसलर एमएल साह बालिका इंटर कॉलेज की पुष्पा दर्मवाल को और कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सीआरएसटी के मनीष साह को दी गई। इससे पूर्व स्काउट गाइड प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### बुजुर्गों के लिए 1812 रुपये का बीएसएनएल प्लान लांच

**नैनीताल।** बीएसएनएल ने 60 वर्ष से अधिक वर्ष के बुजुर्गों के लिए 1812 रुपये का बीएसएनएल प्लान लांच किया है। इसका नाम बीएसएनएल सम्मान प्लान रखा है। दूरसंचार विभाग नैनीताल के डिविजन इंजीनियर विकास कुमार मेहरा ने बताया कि बीएसएनएल सम्मान प्लान सालभर ने लिए होगा। जिसमें यूजर को 365 दिन तक रोजाना दो जीबी इंटरनेट डेटा, 100 एसएमएस और अनलिमिटेड कॉल की सुविधा मिलेगी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## बस की टक्कर से बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल, बेटे ने की बस चालक पर कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

शहर के हनुमान मंदिर क्षेत्र में हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 73 वर्षीय बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं।

जानकारी के अनुसार, हल्द्वानी निवासी डॉ. ललित मोहन पंत की माता तारा पंत (आयु लगभग 73 वर्ष) दिनांक 6 अक्टूबर सोमवार को अपराह्न लगभग 4:20 बजे सड़क पार कर रही थीं, तभी हल्द्वानी से कोटाबाग रूट पर संचालित एक प्राइवेट बस संख्या यूके-04-5545 ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस चालक अत्यधिक लापरवाही से वाहन चला रहा था। हादसे में तारा पंत गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें तत्काल उजाला (पूर्व में सेंट्रल) हॉस्पिटल, गैस गोदाम रोड हल्द्वानी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मैट्रिक्स हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। बताया गया कि उनका इलाज जारी है और अब तक कई सर्जरी की जा चुकी हैं। डॉ. ललित मोहन पंत ने बताया कि हादसे के बाद उनकी प्राथमिकता माता के इलाज पर केंद्रित रही, इसलिए वे तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। वर्तमान में उन्होंने थाना मुखानी, हल्द्वानी में तहरीर देकर बस चालक के खिलाफ लापरवाही एवं असावधानी से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## न्याय पंचायत ज्योलीकोट शिविर में नहीं पहुंचे नोडल अधिकारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




जनता जनार्दन को भागदौड़ से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम को अधिकारी कितनी गंभीरता से लेते हैं वह शिविर में देखने को मिला जब कि नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के न्याय पंचायत ज्योलीकोट के एक दर्जन ग्रामसभाओं शिविर में नोडल अधिकारी (जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक) ही उपस्थित नहीं रहे। इस दौरान सरियाताल के ग्राम प्रधान हरगोविंद रावत और सामाजिक कार्यकर्ता उदय जीना ने नोडल अधिकारी की अनुपस्थिति को प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों के विरुद्ध बताते रोष व्यक्त करते कार्यवाही की मांग की।

बता दें प्रदेश सरकार के कार्यक्रम सरकार जनता के द्वार के अंतर्गत सोमवार को नोडल अधिकारी की अनुपस्थिति में न्याय पंचायत ज्योलीकोट की 12 ग्राम सभाओं के लिए शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जल, विद्युत,कृषि तथा उद्यान व स्वास्थ्य तथा समाज कल्याण,बाल विकास, खाद्य एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने लोगो की अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया और कुछ समस्याओं को अग्रिम कार्यवाही भेजा गया। लोगों को समान नागरिक संहिता,स्वास्थ्य व सहकारिता और अन्य संबंधित जानकारियां दी गई। ज्योलीकोट में जल जीवन मिशन के अंतर्गत टैंक निर्माण के बाद अधूरे छोड़े कार्य को पूरा करने तथा चोपड़ा में पेयजल लाइन के लिए अतिरिक्त कर्मचारी भेजे जाने की मांग की ग्राम प्रधान नवल कुमार, हरगोविंद रावत, बीना जीना तथा चन्द्र शेखर भट्ट, देवेंद्र नेगी, डा.बबीता मनराल,उदय सिंह जीना, एडीओ समाज कल्याण दिनेश सिंह बिष्ट (सहायक नोडल अधिकारी) सहित पूर्व प्रधान जीवन चंद्र व मनोज चनियाल आदि उपस्थित थे।

# अभिमत

## सच बर्दाश्त नहीं!

***गलती करने वाले को सच बर्दाश्त नहीं होता है। बलूचिस्तान में सरकार के खिलाफ बगावत पर लोग उतारू हैं। बलूचिस्तान पर बॉलीवुड के अभिनेता सलमान खान की टिप्पणी से पाकिस्तान तिलमिला गया और सलमान को आतंकी घोषित कर दिया। सलमान का नाम आतंकवाद विरोधी अधिनियम 1997 की चौथी सूची में डाल दिया। इस सूची में उन लोगों का नाम होता है, जिन पर आतंकवाद से जुड़े होने का संदेह होता है। कटु सत्य यह है कि पाकिस्तान खुद आतंकवादी देश है। उसे किसी और को आतंकी घोषित करने का हक नहीं है।***

व्यक्ति विशेष से लेकर वृहद स्तर पर संकट के समय धैर्य की परीक्षा होती है। अनेक बार संकट स्वयं की गलती से उत्पन्न होता है। गलती करने वाले को सच बर्दाश्त नहीं होता है। बलूचिस्तान में सरकार के खिलाफ बगावत पर लोग उतारू हैं। बलूचिस्तान पर बॉलीवुड के अभिनेता सलमान खान की टिप्पणी से पाकिस्तान तिलमिला गया और सलमान को आतंकी घोषित कर दिया। सलमान का नाम आतंकवाद विरोधी अधिनियम 1997 की चौथी सूची में डाल दिया। इस सूची में उन लोगों का नाम होता है, जिन पर आतंकवाद से जुड़े होने का संदेह होता है। कटु सत्य यह है कि पाकिस्तान खुद आतंकवादी देश है। उसे किसी और को आतंकी घोषित करने का हक नहीं है। पाकिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों में उथल-पुथल मची हुई है। सरकार के तानाशाही रवैये और सेना के जुल्म से जनता त्रस्त है। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर का क्षेत्र (पीओके) अशांत है। पीओके में आतंकियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। आतंकवादियों को सेना का संरक्षण मिला हुआ है। यही हालत बलूचिस्तान की है। बलूचिस्तान में सेना के जुल्म से लोग परेशान हैं। वर्ष 1971 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में सेना ने जुल्म ढहाये थे। बंगबंधु मुजीबुर्रहमान ने मुक्ति वाहिनी का गठन कर सेना के जुल्म का विरोध किया। मुजीबुर्रहमान ने भारत से मदद की गुहार लगाई और भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान के 90 हजार सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया था। पूर्वी पाकिस्तान को अलग राष्ट्र बांग्लादेश घोषित कर दिया गया था। सलमान खान ने रियाद में एक कार्यक्रम के दौरान बलूचिस्तान को अलग देश बताया था। सलमान राजनीतिज्ञ नहीं हैं, लेकिन लोकतांत्रिक देश के जागरूक नागरिक होने के नाते उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। भारत के भी विभिन्न मामलों पर टिप्पणी करते रहे हैं। भारत में विपक्ष के अनेक नेता अमर्यादित बयान देते हैं। विदेश में जाकर सरकार के खिलाफ बयान देते हैं, जबकि विपक्ष के नेताओं को संसद, विधानसभा और देश के अंदर अन्य मंचों पर सरकार की नीतियों का विरोध करना चाहिए। विपक्षी नेताओं के बयानों से देश की छवि प्रभावित होती है। भारत की सरकार ने ऐसे नेताओं के खिलाफ कभी कार्रवाई नहीं की। सलमान खान विश्व प्रसिद्ध अभिनेता हैं। पूरी दुनिया में उनके अभिनय और समाजसेवा के कार्य की प्रशंसा होती है। हकीकत यह है कि बलूचिस्तान और पीओके के लोग भारत में शामिल होने की मांग कर रहे हैं। सलमान खान ने बलूचिस्तान को अलग देश बताया है। भारत में शामिल करने की बात नहीं कही है।

# उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस परकार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती की अवसर पर बेलुवाखान ग्राम सभा की प्रधान डॉ. बबीता मनराल द्वारा नैनागांव मनोरा में बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट का नागरिक अभिनंदन करने के साथ बेलुवाखान ग्राम सभा के राज्य आंदोलनकारियों को विशेष रूप से समानित किया।

इस मौके पर मुखय अतिथि डॉ. हरीश बिष्ट ने अपने संबोधन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान डॉ. बबीता मनराल द्वारा ग्राम सभा बेलुवाखान के विकास के लिए विशेष रूप से फ ोकस कर लोगों को जोडने् का काम किया जा रहा है जो सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा किसी भी गांव का विकास तब तक संभव नहीं है जब तक लोगों से सीधा संवाद स्थापित न किया जाए मात्र फोन पर संपर्क कर लेने से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि वार्ड मेंबरों के माध्यम से लिखित समस्या प्रधान को दी जाए और प्रधानों को लिखित समस्या को बलाक कार्यलय में लेकर आये जिससे समस्याओं का निराकरण करने में सरलता आ सके। उन्होंने कहा स्थापना दिवस के अवसर पर जिमेदार लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि अपने गाँव की स्वास्थ्य



जल जंगल जमीन के अलावा जो भी समस्या हो उसका निराकरण करने के साथ लोगों को प्रोत्साहित करेंगे।

ग्राम प्रधान डॉ.बबीता मनराल ने संकल्प लेते हुए कहा कि वह अपनी ग्राम सभा को आदर्श ग्राम सभा बनाने के लिए कार्य करेंगी। इस दौरान राज्य आंदोलकारी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरीश भट्ट ने जंगली जानवरों के आतंक पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जंगली जानवरों के द्वारा ना खेती का कार्य करने दिया जा रहा है ना बकरी पालन करने दिया जा रहा है जिस कारण लोगों को रोजगार के लिए पलायन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारी इंद्र नेगी, हरीश भट्ट व प्रकाश आर्य को विशेष रूप से सममानित करने के साथ दुग्ध रोजगार से जुड़ी महिलाओं को भी समानित किया गया। इस मौके पर ज्योलीकोट ग्राम सभा प्रधान नवल आर्य, गेठिया प्रधान रिंकू देवी, सड़ियाताल प्रधान हरगोविंद रावत, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हरेंद्र सिंह बिष्ट, हीरा देवी, पूरन सिंह मनराल, आनंद बिष्ट,गोपाल बिष्ट, उमेद सिंह,संजय बिष्ट, बीना चमयाल,वीरेंद्र मेहरा, योगेश बोरा, रतन सिंह, बसंती देवी, सुशीला बिष्ट व देवेंद्र सिंह, धना नंद,राजेंद्र मनराल व विनोद मनराल तथा नंदन सिंह आदि लोग मौजूद थे।दूसरी ओर उत्तराखण्ड स्थापना दिवस पर संगीत व नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो0 नवीन चंद्र लोहनी, कुलसचिव डॉ खेमराज भट्ट, निदेशक मानविकी विद्याशाखा प्रो0 गिरिजा प्रसाद पांडे, प्रो0 रेनू प्रकाश, प्रो0 मंजिरी अग्रवाल, प्रो0. दिगर सिंह फ र्सवाण व प्रो.0प्रो0 एम0 एम0 जोशी द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पाश्चात्य वंदे मातरम का गायन किया गया। वंदे मातरम गायन के पश्चात कुलसचिव डॉ खेमराज भट्ट द्वारा उत्तराखंड राज्य बनने के संघर्षों को सभी के समक्ष रखा। प्रो0 गिरजा प्रसाद पांडे द्वारा उत्तराखंड राज्य बनने के इतिहास को बताते हुए अपने अनुभव साझा किए। कुलपति प्रो0 नवीन चंद्र लोहनी का संपूर्ण विश्व विद्यालय को उत्तराखण्ड स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए सभी से अपने कार्यों के प्रति जिमेदार बनने की सलाह दी गई साथ ही संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग के शिक्षार्थी श्री राहुल को उत्तराखंड राज्य के रजत जयंती समाहरोह के उपलक्ष्य पर राज्य स्तरीय एकल वादन की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शुभकामनाएँ दी गई। इसके पश्चात संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग के शिक्षार्थियों सोनी आर्या पूजा भट्ट, विनोद सिंह बिष्ट, नीरज पडलिया, भुवन चन्द्र शर्मा, दिनेश कुमार, राहुल कुमार एवं संदीप सिंह सोडी द्वारा उत्तराखंड मेरी मातृ भूमि गीत की प्रस्तुति दी गई। संचालन डॉ शशांक शुकला सह प्राध्यापक ने किया।

## दुर्घटना के आरोपी बाइक सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी।** शहर के धनपुरी क्षेत्र में बीते 5 नवंबर की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खुदानगर, मिलक अहमद नगर, कुन्दनपुर, जिला रामपुर (उ0प्र0) निवासी परशुराम (पुत्र विलासी राम) धनपुरी साप्ताहिक बुध बाजार से अपने किराए के निवास बजवालपुर लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 9:15 से 9:30 बजे के बीच धनपुरी पंचायत घर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल संख्या-यू0पी0 25 ई सी 1206 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से परशुराम सड़क पर गिर पड़े। आस-पास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल अवस्था में उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान लगभग दो घंटे बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्यवाही की, जिसके बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव रामपुर में किया।

# राजकीय पेंशनर्स कल्याण एसोसिएशन नैनीताल के पदाधिकारियों ने की पत्रकार वार्ता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय पेंशनर्स कल्याण एसोसिएशन नैनीताल के पदाधिकारियों ने सोमवार को गोवर्धन हॉल मल्लीताल में संगठन के द्विवार्षिक अधिवेशन को लेकर पत्रकार वार्ता की, जिसमें 12 नवंबर (बुधवार) को आयोजित होने जा रहे अधिवेशन के बारे में जानकारी दी गयी।




एसोसिएशन के महामंत्री बहादुर सिंह बिष्ट ने बताया कि 12 नवंबर (बुधवार) को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के हरमिटेज भवन में सुबह 11 बजे से अधिवेशन शुरू होगा जिसमें मुखय अतिथि के रूप में दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा और जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल उपस्थित रहेंगी साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सरिता आर्या और पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल मौजूद होंगी। सुबह 11 अतिथियों के आगमन के बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा माल्यार्पण, बैज अलंकरण व अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर वरिष्ठ सदस्य का अभिनंदन किया जाएगा, इसके साथ ही मुखय अतिथि को मांग पत्र भी प्रेषित किया जाएगा। जिसके बाद अतिथियों का संबोधन होगा। अधिवेशन के दूसरे सत्र में शाम को 3 बजे से आए व्यय के विवरण के साथ ही अध्यक्ष तथा सचिव और सदस्यों के संबोधन के बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन में वर्तमान में 350 से अधिक मेंबर हैं जो 65 वर्ष से अधिक आयु के हैं। इस बार का अधिवेशन मातृशक्ति को समर्पित रहेगा और इसका मुखय उद्देश्य स्वास्थ्य और सुरक्षा को वरियता देने के संबंध में रहेगा। इस दौरान एसोसिएशन की अध्यक्ष मंजू बिष्ट समेत रेखा त्रिवेदी, उमेश चंद्र जोशी, त्रिलोक सिंह रौतेला तथा खुशहाल सिंह कार्की सहित अन्य एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## धर्मेंद्र की हालत में सुधार, सनी देओल की टीम बोली– अच्छी सेहत की प्रार्थना करें



*दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की हालत में अब सुधार है। सनी देओल की टीम ने ताजा अपडेट दिया है। जहां एक तरफ मंगलवार सुबह तमाम मीडिया हाउस ने उनके निधन की खबरें चला दी थीं, वहीं अमर उजाला ने संयम बरता और धर्मेंद्र के करीबी सूत्र से लगातार जानकारी हासिल कर रहा है। धर्मेंद्र की बेटी एशा देओल ने पोस्ट करके बताया कि धर्मेंद्र की हालत अभी स्थिर है वहीं पत्नी हेमा मालिनी ने भी गलत खबरें फैलाने वालों को फटकार लगाई है। धर्मेंद्र की खराब तबीयत की जानकारी मिलते ही बॉबी देओल के करीबी दोस्त और अभिनेता निखिल द्विवेदी उनके घर पर पहुंचे हैं। मुंबई में अभी कुछ देर पहले निखिल को धर्मेंद्र के घर के बाहर देखा गया। धर्मेंद्र के निधन की झूठी खबरों पर अब उनके दोस्त और दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा का भी गुस्सा फूट पड़ा है। एक्टर ने बॉलीवुड हंगामा से बात करते हुए कहा है कि धरम जी की खुद की कोई टीम नहीं है, तो फिर कैसे और किसने उनके निधन की खबर की पुष्टि की? शत्रुघ्न ने कहा, मैंने सुबह उठकर इन खबरों को सच मान लिया क्योंकि ये विश्वसनीय पोर्टल और प्रकाशनों से आई थीं। मुझे यह जानकर हैरानी और राहत हुई कि ये खबरें झूठी थीं। सबके चहेते धरमजी ठीक हैं और जल्द ही घर लौट आएंगे। मरे उनके दुश्मन। इधर सनी देओल की टीम ने धर्मेंद्र के हेल्थ पर ताजा अपडेट दिया है। सनी देओल की टीम की मानें तो धर्मेंद्र की सेहत में अब सुधार है और वो रिकवर कर रहे हैं। सनी की टीम ने एक्टर की अच्छी सेहत के लिए प्रार्थना की अपील की है। सनी की टीम के इस बयान के बाद धर्मेंद्र के फैंस ने राहत की सांस ली है।*

### दादा की सेहत को लेकर चिंतित दिखे करण

*इसी बीच एक वीडियो सोमवार शाम का सामने आया है जिसमें धर्मेंद्र के पोते करण देओल उनसे मिलकर अस्पताल से बाहर निकल रहे हैं। इस दौरान करण काफी उदास और गमगीन लग रहे हैं। पीछे वाली सीट पर उनके भाई राजवीर बैठे हुए नजर आ रहे हैं मुंबई में जिम करने के बाद स्पॉट हुईं एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना से जब पैपराजी ने धर्मेंद्र को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि पता नहीं अभी बहुत कन्फ्यूजन बना हुआ है। लेकिन मैं उम्मीद करती हूं कि वो जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। हेमा और एशा के बाद अब पापा धर्मेंद्र का हाल जानने के लिए सनी देओल और बॉबी देओल भी अस्पताल पहुंच चुके हैं। सनी-बॉबी के अलावा करण देओल भी इस दौरान दादा को देखने अस्पताल पहुंचे हैं।*

# 64 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

आबकारी अधिनियम के तहत मुखानी थाना क्षेत्र की पुलिस ने 64 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, लामाचौड़ पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। गश्त के दौरान 6:05 बजे पुलिस टीम फतेहपुर होते हुए लामाचौड़ चौराहे पर पहुंची, तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि हरिकृपा ब्रिक सप्लायर के पास सरकारी ट्यूबवेल के समीप एक व्यक्ति कच्ची शराब लेकर खड़ा है और थोड़ी देर बाद उसे अपनी दुकान पर बेचने की फिराक में है। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम मौके की ओर रवाना हुई। हरिकृपा ब्रिक सप्लायर के सामने पहुंचने पर पुलिस को हल्के अंधेरे में एक व्यक्ति सफेद रंग के कट्टे के साथ खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह सकपका गया। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोहित मौर्या पुत्र प्रमोद मौर्या, निवासी भट्ट कॉलोनी, तल्ली बमौरी, मुखानी बताया। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## 1.133 किलो चरस बरामद के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ अभियान के तहत काठगोदाम थाना क्षेत्र में पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 1.133 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें चालान किया है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसीसी ने बताया कि काठगोदाम थाना पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान राजू सर्विस सेंटर, पनचक्की के पास से दो चरस तस्कारों को पकड़ा है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सोनू साहू पुत्र रमेश चन्द्र साहू, निवासी शाहू धर्मशाला, इन्द्रानगर, बनभूलपुर और कैलाश चन्द्र पुत्र राजू राम, निवासी पिनरौ, छोटा कैलाश, थाना भीमताल बताया। दोनों ने स्वीकार किया कि वे छोटा कैलाश क्षेत्र से चरस लेकर आए हैं।

# जिला गंगा समिति की बैठक में सीडीओ ने दिए दिशा-निर्देश

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने कहा कि जनपद में शतप्रतिशत सरकारी व निजी सीवर टैंक वाहनों का निकायों में पंजीकरण किया जाये व उनमें जीपीएस अवश्य लगवाये ताकि उनकी निगरानी की जा सकें। उन्होने कहा कि जो निजी सीवर टैंक वाहन पंजीकरण न कराकर कार्य कर रहे है उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उन्हे सीज किया जाये। सीडीओ ने कहा कि नदी नालों को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए सीवर टैंक वाहन एसटीपी में ही सीवर डालें, अन्य



जगह सीवर डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होने निकाय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिस स्थान पर लोगों द्वारा नियमित कूड़ा डाला जा रहा उन स्थानो को चिन्हित कर फोटोग्राफ भेजे व उस स्थान पर सीसी टीवी कैमरा लगाये ताकि पता चल सकें की कौन लोग कूड़ा डाल रहे है। उन्होने कहा कि कूड़ा डालने वाले लोगों को चिन्हित कर चालान की कार्यवाही भी करें। उन्होंने सभी नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क के किनारे कही भी कूड़ा नजर न आये इस हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होने कहा कि लिगेसी वेस्ट को नियमित निस्तारण कराते रहे, कही भी कूड़ा डम्प न किया जाये। उन्होने खटीमा में जनसंख्या के आधार पर एफएसटीपी प्लांट लगाने हेतु अधिशासी अभियंता पेयजल निगम, उप जिलाधिकारी, निकाय अधिकारी व वनाधिकारी को संयुक्त निरीक्षण कर प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि औद्योगिक संस्थानों में नियमित निरीक्षण करें व बिना ट्रीट किये पानी यदि कोई नदी, नालों में पानी डालता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जनपद में संचालित होटलों का पंजीयन कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा जो होटल पंजीयन नही करा रहे है उन्हे नोटिस भेजने के निर्देश दिये। सीडीओ ने गंगा की सहायक नदी गौला व कोसी नदी के बाढ़ क्षेत्रों की जोनिंग करते हुए उनमे परिसम्पत्तियों का अंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अभियंताओं को दिये। उन्होने चिकित्सालयों से प्रतिदिन निकलने वाला बायोमेडिकल वेस्ट का मानकों के अनुसार निस्तारण कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। उन्होने सभी विभागीय अधिकारियों को नमामि गंगे व एनजीटी के गाइड लाइनों का अनुपालन करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ यूसी तिवारी, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम सुनील जोशी, सिंचाई एएस नेगी, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एसपी सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल आदि मौजूद थे।

## News कॉर्नर

### पहाड़पानी में क्रिकेट प्रतियोगिता में युवाओं का दिखा जोश

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के धारी ब्लॉक के पहाड़पानी पोखराखेत मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें सोमवार को प्रतियोगिता के मुखय अतिथि बलॉक प्रमुख भावना आर्या व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राकेश चन्द्र बृजवासी रहे। दोनों ने सभी खिलाडियों से मुलाकात कर प्रतियोगिता शुरू कराई। उन्होंने कहा कि युवा उत्तराखंड का भविष्य है। खेलो के जरिये युवा नशे से दूर रहकर अपना भविष्य बना सकते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश चन्द्र ब्रजवासी ने कहा कि आने वाले समय में युवाओ को रोजगार से जोड़ने के प्रयास किये जायेंगे। इस दौरान निखिल कुमार, गणेश वर्मा, हरेंद्र कुमार, तरेंद्र कुमार तथा राजू रूवाली आदि मौजूद रहे।

### घर का ताला तोड़ 8 हजार की नकदी उड़ाई

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में घर से नकदी चोरी का मामला सामने आया है। तल्लीताल निवासी महिमा जोशी ने शिकायत करते हुए बताया कि वह 27 अकटूबर (सोमवार) को हल्द्वनी बेटी की शादी के कार्यक्रम के लिए गये थे। जब वह 8 नवंबर (शनिवार) को नैनीताल अपने घर लौटे तो अज्ञात चोरों द्वारा उनकी अलमारी व उसके लाकर का लॉक टूटा था। जिसमें से 10 रुपये की चार व 20 रुपये की दो गड्डियां कुल 8 हजार रुपये चोरी किये गए थे। घर के पीछे के दरवाजे से अंदर घुसकर चोरी होना प्रतीत हो रहा है। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी मनोज नयाल ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

# आए थे अतिक्रमण हटाने मिला नशे का जखीरा, लोगों ने काटा हंगामा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

नगर निगम की टीम शहर में लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है। इसी बीच सूचना मिली कि अटरिया रोड स्थित ट्रांजिट कैंप मोड के समीप एक खोखा अवैध रूप से सड़क किनारे पड़ा हुआ है।

इस पर नगर निगम की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची तो टीम ने सामान्य प्रक्रिया के तहत खोखे को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की। लेकिन थोड़ी ही देर बाद जब यह अभियान तेज हुआ तो पता चला कि वहां आसपास की झुग्गी झोपड़ियां में और खोखो में नशे का जखीरा रखा हुआ है। निगम कर्मियों और पुलिस कर्मियों ने उसे खंगाला तो उसमें तीन बोरों में रखी अवैध शराब और एक बोरी में गांजा बरामद हुआ। यह देख टीम में शामिल कर्मियों के पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन फानन में आला अधिकारियों को सूचित किया



गया। वहीं जैसे इस घटना की जानकारी मिली तो तमाम जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए ।इसके बाद आबकारी विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची ।उसके बाद नगर निगम की जेसीबी के जरिए वहां मौजूद तमाम खोखो और झुग्गी झोपड़ियां को जेसीबी से ध्वस्त करना शुरू दिया गया। कई जगह से अन्य नशे का सामान भी पाया गया। मौके पर पहुंचे समाज सेवी सुशील गाबा ने कहा कि कई बार नशे के खिलाफ अभियान चलाया गया है लेकिन आबकारी विभाग मौन है ।अधिकारियों की मिली भगत के चलते नशे का कारोबार फल फूल रहा है और सरकार को बदनाम किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। अब सहन नहीं किया जाएगा और अब नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा। देर शाम तक पुलिस और आबकारी विभाग घर-घर की तलाशी ले रहे है।

# झनकईया पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में नशे के सौदागर गिरफ्तार, भारी मात्रा में स्मैक बरामद

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना झनकईया क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में एक नशे सौदागर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नशे के सौदागर से भारी मात्रा में स्मैक बरामद हुई हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। विवेचना चौकी प्रभारी लोहियाहेड होशियार सिंह को सौंपी गई। पुलिस के मुताबिक थाना पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम में शामिल एएसआई मोहम्मद बशीर, हरीचंद, सुमित कुमार,गौरव,आकाश, विशाल कन्नोजिया क्षेत्र में पैदल-पैदल गश्त कर रहे। टीम खेलारिया गांव होते हुये अशोक फार्म से छोटी बगुलिया में पहुंचे तो एक व्यक्ति छोटी बगुलिया ग्राम में गन्ने के खेत के पास खड़ा था। पुलिस ने मौके पर उसे पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम संदीप पुत्र राजेश निवासी सिसैया बंधा थाना झनकईया बताया। पुलिस ने गन्ने



के खेत के सामने खडे होने के बारे में पूछा तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। सख्ती करने पर वह स्मैक बेचने की बात कबूल की। पुलिस ने समवाय प्रभारी सहायक कमांडेंट जसोवंत सेनापति को सेट से सूचना दी। बाद में समवाय प्रभारी सरकारी वाहन से चालक पदम सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। नशे के सौदागर से बरामद स्मैक को पुलिस ने मौके पर सील किया। पुलिस के मुताबिक बरामद स्मैक 16.28 ग्राम होना पाया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सूर्यांश राणा ने संगीत महार्षि पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर 61वीं अखिल भारतीय प्रतियोगिता में पाया दूसरा स्थान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आगरा में 8 व 9 नवंबर को आयोजित संगीत महार्षि पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर 61वीं अखिल भारतीय प्रतियोगिता में नैनीताल उत्तराखण्ड के युवा शास्त्रीय संगीत साधक सूर्यांश राणा ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया।

बता दें इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन पंडित रघुनाथ तलेगांवकर फ उंडेशन ट्रस्ट, संगीत कला केंद्र आगरा द्वारा किया गया था जिसमें देशभर के श्रेष्ठ संगीत प्रतिभागियों ने सहभागिता की। सूर्यांश राणा सेंट जोजेफ कॉलेज नैनीताल के छात्र हैं। उन्होंने अपनी इस महत्वपूर्ण कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजनों नवीन बेगाना के सुसंगत मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने यह भी व्यक्त किया कि उनके पिता दिनेश कुमार राणा और माता निधि राणा ने सतत प्रेरणा समेत सहयोग और विश्वास प्रदान कर उनकी संगीत साधना को सुदृढ़ आधार दिया। प्रतियोगिता में सूर्यांश ने राग की शुद्धता, स्वरों की स्थिरता व भावाभिव्यक्ति तथा लय नियंत्रण के साथ ऐसी प्रस्तुति दी जिससे निर्णायक मंडल एवं श्रोतागण अत्यंत प्रभावित हुए। दूसरी ओर सूर्यांश की इस उल्लेखनीय कामयाबी से नैनीताल एवं पूरे उत्तराखण्ड में हर्ष और गर्व की लहर है। नगरवासियों, शिक्षकों, संगीत प्रेमियों एवं सांस्कृतिक संस्थानों द्वारा उन्हें बधाइयां दी जा रही हैं तथा उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ की जा रही हैं। यह सफलता न केवल व्यक्तिगत गौरव है बल्कि प्रदेश की समृद्ध संगीत परंपरा एवं नई पीढ़ी की उभरती प्रतिभा का भी उज्ज्वल प्रतीक है। तबले पर संगत संजय कुमार ने की गई।




### सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम: विभागीय अफसरों ने किया जनता की समस्याओं का समाधान

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के आदेश पर सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत नैनीताल जिल के विभिन्न विकास खंडों में संबंधित विभागीय अधिकारियों की ओर से लोगों को कई जानकारियां दी। विकास खण्ड रामगढ़ के न्याय पंचायत नथुआखान के स्थान रीठा पोखरा मैदान में शिविर में लाभार्थियों को खाद्य विभाग को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के राशन कार्ड में नाम जोडने के संबंध में 32 आवेदन प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया ।

# एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट एसआई विपिन, विनोद समेत अन्य को सम्मानित किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसटीएफ कुमाऊं यूनिट की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के चार पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक ने पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। कुमाऊं मंडल में मादक पदार्थों पर कार्रवाई के लिए एसटीएफ की एएनटीएफ लगातार कार्रवाई कर रही है। जिसमें अहम भूमिका निभाने वाले एएनटीएफ के उप निरीक्षक विपिन चंद्र जोशी, उप निरीक्षक विनोद चंद्र जोशी



और कांस्टेबल वीरेंद्र चौहान तथा इसरार अहमद को गुरुवार को डीजीपी दीपम सेठ ने उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क गोल्ड से सम्मानित किया है।

# हाईकोर्ट ने दिए डीएम नैनीताल को रामनगर के बंद स्लाटर हाउस खोलने के निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रामनगर नैनीताल में बंद पड़े स्लाटर हाउस को फि र से संचालित करने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने जिलाधिकारी नैनीताल को निर्देश दिया है कि जो रिपोर्ट नगरपालिका रामनगर नैनीताल ने जुलाई -2025 को जिलाधिकारी को पेश की थी उस रिपोर्ट पर निर्णय लेकर स्लाटर हाउस खोलने की अनुमति नगर पालिका को दें। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने जनहित याचिका को निस्तारित कर दी है। मामले के अनुसार रामनगर निवासी अनस कुरैशी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि रामनगर नैनीताल में स्थित स्लाटर हाउस को जिलाधिकारी नैनीताल के द्वारा



बिना किसी कारण बस बन्द करा दिया गया है जबकि स्लाटर हाउस सभी मानको को पूर्ण करता है। और उसकी वैध्यता मार्च-2026 तक है। स्लाटर हाउस बन्द होने के कारण जिले के बाहरी जिलों व उत्तर प्रदेश के कई जिलों से मांस की आपूर्ति ट्रांसपोर्टरों के द्वारा यहां की जा रही है। स्थानीय लोगों को ताजा मांस भी नही मिल पा रहा है, यही नहीं मांस की कीमत तिगुनी तक हो गयी जिसका खामियाजा स्थानीय कारोबारियों व मांसाहारियों को भुगतना पड़ रहा है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि स्लाटर हाउस खोलने की अनुमति नगर पालिका को दी जाय। दूसरी ओर सोमवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान नगर पालिका की तरफ से कहा गया कि स्लाटर हाउस वैध रूप से चल रहा था। वह पीसीबी के सभी मानकों को पूर्ण करता आया है जबकि इसकी एक रिपोर्ट जुलाई-2025 को जिलाधिकारी को भी भेजी गई थी जिसपर जिलाधिकारी ने आज तक कोई निर्णय तक नहीं लिया गया। उल्टा स्लाटर हाउस बन्द करने के निर्देश दे दिए हैं। स्लाटर हाउस बन्द होने के कारण बाहरी जिलों व राज्य से बाहर मांसाहारी व्यपारी सक्रिय हो गए हैं और अवैध रूप से मांस की सप्लाई कर रहे हैं जिसकी वजह से कई घटनाएं अभी तक घट चुकी हैं लिहाजा स्लाटर हाउस खोलने की अनुमति दी जाए।

**अदालत से**

- **मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने जनहित याचिका को निस्तारित कर दी**